कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 03.05.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

आज दिनांक 03.05.2024 को श्री राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार नागौरी गेट व सदर बाजार थाना क्षेत्र में रूट मार्च निकाला गया।

श्री आलोक श्रीवास्तव पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व एवं श्री वीरेंद्र सिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व के सुपरविजन में श्रीमती मंगलेश चुंडावत सहायक पुलिस आयुक्त वृत केंद्रीय के नेतृत्व में लगभग 162 जवानों को ब्रीफ कर रूट मार्च निकाला गया।

आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस रूट मार्च नागौरी गेट चौराहा से रवाना होकर राम मौहल्ला रोड होते हुए रामबाग, कांगा चौकी, कलाल कॉलोनी ,किला रोड, ऊन गोदाम, नया तालाब, शिप हाउस, उदय मंदिर आसम, मेड़ती गेट गुंदियो की गली, खान चौक, बम्बा मोहल्ला, हाथीराम का ओडा, मच्छी मार्केट होते हुए नई सड़क रोड़ होते हुए घंटाघर घुमटी तक पहुंच कर रूट मार्च का समापन किया गया।

पुलिस आयुक्तालय के क्षेत्राधिकार में रूट मार्च निकाल कर आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय तथा आमजन को सतर्क, सजग एवं जागरूक करने हेतु समय–समय पर रूट मार्च निकाले जाएंगे।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।



नवाब साईकल